सी.एम.से विकास कार्यों पर की चर्चा

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने मुलाकात की और विधानसभा क्षेत्र में हो रहे व प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

विधायक सारस्वत ने मुख्यमंत्री शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में निरंतर अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं अभी लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करवाया जाए ताकि जनता को जनहित की सुविधाएं त्वरित गति से मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने विधायक सारस्वत को आश्वासन दिया कि श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में विकास की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को जल्द ही पूर्ण किया जायेगा। विधायक सारस्वत ने इस दौरान 650 करोड़ रूपये की जल जीवन मिशन आधारित पेयजल योजना को शीघ्र शुरू करवाने तथा उप जिला चिकित्सालय श्रीडूंगरगढ़ में प्रस्तावित ट्रोमा सेंटर का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करने का आग्रह किया। शिक्षा, चिकित्सा और प्रशासन से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। रतनगढ़ से बीकानेर नेशनल हाईवे पर राजमार्ग को फोरलेन मार्ग बनाने की मांग केन्द्र सरकार से करने को कहा।

उन्होंने सी.एम. को समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद में फैले भ्रष्टाचार के मामलों से भी अवगत करवाया और कहा कि जिन किसानों को अभी तक टोकन नहीं मिले हैं, उनकी मूंगफली तुलाई सुनिश्चित की जाए।

वंदे मातरम् 150, सात को जूनागढ़ से निकलेगी प्रभात फेरी

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 से 15 नवम्बर तक जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इसकी समीक्षा की।

संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

■ **जिला कलेक्टर ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया**

सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव तथा नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं अभियान के संभाग प्रभारी महावीर रांका वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े। जिला कलेक्टर वृष्णि ने बताया कि 'वंदे मातरम् 150' के तहत 7 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। वहीं 15 नवम्बर तक होने वाले सभी कार्यक्रमों का निर्धारण कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि 7 नवम्बर को प्रातः 7.30 बजे प्रभात फेरी, रन और साइकिल रैली निकाली जायेगी। इसकी शुरूआत जूनागढ़ के आगे से होगी। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, पुलिस के जवान, साइकिल धावक सहित स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी भाग लेंगे। इस दौरान शहरी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम होगा।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने वंदे मातरम् प्रभात फेरी की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया।

इसके बाद प्रातः 8.30 बजे से रविन्द्र रंगमंच पर जिला स्तरीय समारोह होगा। इसमें राष्ट्र गीत का सामूहिक गायन होगा। साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। इसी दिन सायं 5 बजे आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में बीएसएफ और केन्द्रीय जेल के बैण्ड देशभक्ति के गीतों पर सुमधुर स्वर लहरियां बिखेरेंगे। इस दौरान उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया जायेगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि 'वंदे मातरम्150' के तहत 10 से 15 नवम्बर तक वंदे मातरम् और स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे। इसके तहत 10 नवम्बर को नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को छोड़कर सभी सरकारी कार्यालयों में, 11 नवम्बर को नगरीय निकायों में, 12 नवम्बर को पंचायती राज संस्थाओं में, 13 नवम्बर को स्कूलों , छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में, 14 नवम्बर को सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं में तथा 15 नवम्बर को सभी अस्पतालों और पुलिस थानों में यह कार्यक्रम होंगे।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वंदे मातरम् 150 की शुरूआत 7 नवम्बर से लेकर संविधान दिवस 26 नवम्बर तक सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया जायेगा। अभियान के दौरान चित्रकला, निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएं होंगी। सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से अभियान का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम् के सम्पूर्ण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव नोडल अधिकारी होंगे।

वहीं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनूपगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके चलते निर्वाचन काम में लगे सभी संबंधित कर्मचारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। इनमें सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी, चुनाव शाखा के कार्मिक, बीएलओ, सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारी शामिल हैं।

भगवान की सवारी आज निकलेगी

बीकानेर, (कासं)। चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्रीसंघ के सहयोग से बुधवार को भगवान की सवारी भुजिया बाजार के प्राचीन चिंतामणि जैन मंदिर से सुबह साढ़े नौ बजे गाजे बाजे, भजन मंडलियों के साथ निकलेगी। शाम को चिंतामणि जैन मंदिर में शाम 108 दीपकों की आरती शाम साढ़े छह बजे होगी।

चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा ने बताया कि जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि म.सा., जैन श्वेताम्बर पार्श्व चन्द्र गच्छ की साध्वी पदमप्रभा व सुव्रता के सानिध्य निकलने परमात्मा की सवारी के स्वागत के लिए अनेक जैन बाहुल्य मोहल्लों में स्वागत द्वार व बैनर लगाये तथा सजावट की गई है।

नाहटा ने बताया कि ऐतिहासिक कार्तिक महोत्सव के तहत बीकानेर में भगवान की सवारी निकलती करीब अस्सी वर्ष से अधिक समय से निकल रही है। परमात्मा की सवारी में शामिल आदिश्वर मंडल अपना 75 वां वर्ष मना रहा है। आदिश्वर मंडल, कोचर मंडल, वीर मंडल, महावीर मंडल, जैन मंडल व गौतम मंडल के कलाकार पिछले 15-20 दिनों से परमात्मा की सवारी में प्रस्तुति देने के लिए पूर्वाभ्यास कर रहे है। विभिन्न जैन बाहुल्य मोहल्लों में भजन मंडलियों का ठहराव रहेगा।

सवारी 7 नवम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे गोगागेट के गौड़ी पार्श्वनाथ नाथ मंदिर से रवाना होकर चिंतामणि जैन मंदिर में संपन्न होगी।

सार-समाचार

उर्वरक काम में न लेने का संकल्प

किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया।

बीकानेर, (कासं)। कृषकों को भूमि में उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं अनुदानित उर्वरकों का औद्योगिक प्रयोग, राज्य से बाहर परिगमन रोकने के उद्देश्य से कृषकों को जागरूक किये जाने हेतु 'धरती माता बचाओ अभियान' चलाया जायेगा। इसके मद्देनजर मंगलवार को अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) की अगुवाई में कृषि भवन परिसर में कृषि एवं अन्य सम्बद्ध विभाग के अधिकारियों व किसानों को रासायनिक उर्वरकों का उपयोग ना करने व जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा धरती माता बचाओ अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया। इसी श्रृंखला में ही 5 व 20 नवम्बर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में प्रतिभागियों व किसानों को धरती माता बचाओ अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु संकल्प दिलाया जायेगा। संकल्प कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी जयदीप दोगने, दीपक कपिला, दर्शन सिंह, रेनू वर्मा, मुकेश गहलोत, मानाराम जाखड़, कविता गुप्ता, विजय कुमार, जोधराज, सतीश गेदर, अशोक साहू, श्यामसुंदर अग्रवाल, धनाराम बेरड, अशोक व्यास, जगबीर बेनीवाल, अनिल चौधरी, शिवदयाल सिंह, रामचंद्र, प्रियदर्शनी, रसपाल मोटा, लीला बिश्नोई, मेघराज, राजीव एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

भक्तामर पाठ आज

सुगनजी महाराज के उपासरे में चातुर्मास के समापन पर प्रवचन देते गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर।

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के गणिवर्य मुनि मेहुल प्रभ सागर मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि में संबोधि चातुर्मास 2025 के समापन पर प्रतिक्रमण आदि धार्मिक क्रियाएं मंगलवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे व महावीर भवन में हुई। गणिवर्य, मुनि व साध्वीवृंद बुधवार को चार्तुमासिक स्थान परिवर्तन करेंगे। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में मंगलवार को गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने अंतिम चातुर्मास प्रवचन (देशना) में कहा कि काम, क्रोध, लोभ व मोह आदि कषायों का त्याग कर धर्म-अध्यात्म को मन व अंतकरण से स्वीकार करें। देव, गुरू व धर्म में अपना समर्पण करें। छोटे-छोटे व्रत व नियम लेकर अपने में व्याप्त बुराईयों व कमियों को दूर करें। नित्य आत्म-निरीक्षण व परीक्षण करें। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में बुधवार को सुबह सवा छह बजे रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में कार्तिक पूर्णिमा पर पालीतणा के शत्रुंज्य तीर्थ के पट चित्र के आगे भाव वंदना व धर्म क्रियाएं की जायेगी। गणिवर्य म.सा. सुगनजी महाराज के उपासरे से प्रस्थान कर सुबह साढ़े छह बजे खजांची मोहल्ले में स्थित खरतरगच्छ युवा परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राजीव खजांची के निवास पर आयोजित भक्तामर स्तोत्र में तथा उसके बाद श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्रीसंघ के सहयोग से भगवान की सवारी में सानिध्य प्रदान करेंगे। साध्वीश्री दीपमाला व शंखनिधि नाहटा चौक के महावीर डागा निवास पर चार्तुमासिक स्थान परिवर्तन करेंगी।

कोलायत मेले पर चलेंगी स्पेशल ट्रेन

बीकानेर,(कासं)। श्रीकोलायत में बुधवार को लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले के लिए रेलवे ने स्पेशल रेलों का संचालन करेगी। बीकानेर से श्रीकोलायत के बीच चलने वाली इस रेल सेवा के लिए मंडल रेल प्रबंधक ने अलग से शिड्यूल जारी किया है। स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा और देर रात तक जारी रहेगा। सड़क मार्ग से जाने के बजाय यात्रियों को रेल से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04733 बीकानेर- कोलायत अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा पांच नवम्बर को बीकानेर स्टेशन से 10:35 बजे रवाना होकर 10:45 बजे लालगढ़, 11:04 पर नाल, 11:23 बजे गजनेर व 12:00 बजे कोलायत पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04734 कोलायत- बीकानेर अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा पांच नवम्बर को कोलायत से 12:20 बजे रवाना होकर 12:35 बजे गजनेर पहुंचेगी,12:54 पर नाल पहुंचेगी, 13:15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी व 13: 50 बजे बीकानेर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04735 बीकानेर-कोलायत मेला स्पेशल अनारक्षित रेलसेवा पांच नवम्बर को बीकानेर से 16:00 बजे रवाना होकर 16:15 पर लालगढ़ पहुंचेगी, 16:34 पर नाल पहुंचेगी,16:53 बजे गजनेर पहुंचेगी व 17:30 बजे कोलायत पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04736 कोलायत-बीकानेर मेला स्पेशल अनारक्षित रेलसेवा पांच नवम्बर कोलायत स्टेशन से 18:15 बजे रवाना होकर 18:30 बजे गजनेर पहुंचेगी, 18:49 बजे नाल पहुंचेगी।

अब किसानों को ही बताना होगा कि टोकन सही है या फर्जी

बीकानेर, (कासं)। समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद के मामले में जिला प्रशासन ने फिजिकल वेरिफिकेशन का दावा किया था। लेकिन अब ये विफल हुआ है। अब किसानों को ही बताना होगा कि टोकन सही है या फर्जी।

इसके लिए अब पटवारियों को खेत में भेजने के बजाय खरीद केन्द्रों सहित कई जगह टोकन की लिस्ट रखी गई है। किसान को ही देखकर बताना है कि उसके खेत की रिपोर्ट सही है या गलत। कलेक्टर नमृता वृष्णि ने पिछले दिनों उपखंड अधिकारियों को आदेश दिया था कि वे खेत में पहुंचकर फसल का फिजिकल वेरिफिकेशन करें। हर उपखंड मुख्यालय पर पांच से दस हजार टोकन का वितरण है। इतने खेत में पहुंचकर पटवारी फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं कर सके।

ऐसे में अब जिला कलेक्टर ने उन

■ **अब पटवारियों को खेत में भेजने के बजाय खरीद केन्द्रों सहित कई जगह टोकन की लिस्ट रखी गई है**

लोगों की लिस्ट जारी कर दी है, जिन्होंने टोकन प्राप्त किए हैं। इस लिस्ट को कोई भी किसान केन्द्र पर देख सकता है। अगर उसके खेत की गलत रिपोर्ट की गई है तो इस आशय की शिकायत तुरंत की जा सकेगी। इसके बाद उपखंड अधिकारी जांच करवायेंगे। अगर कोई भी रिपोर्ट गलत पाई जायेगी तो फर्जी टोकन प्राप्त करने वाले के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर करवाई जायेगी। इसके साथ ही ई मित्र संचालक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

खेत में अधिकांश किसान अपनी फसल ले चुके हैं, ऐसे में अब ये जांच नहीं हो सकती थी कि पहले यहां फसल बुवाई हुई या नहीं। उपखंड अधिकारी ये काम पटवारी से करवाएंगे, जिनके पास पहले से इतना बड़ा क्षेत्र है कि वो सभी टोकन वाले खेतों तक नहीं पहुंच सकता। जल्द ही समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने वाली है। ऐसे में कम समय में सभी की जांच संभव नहीं है।

कलेक्टर ने आदेश दिए हैं कि सहकारी समिति के खरीद केन्द्रों पर भी टोकन की लिस्ट रखी जायेगी। कोई भी किसान इसकी जांच कर सकता है। उसके खेत में अगर किसी ने गलत टोकन ले रखा है तो उसकी रिपोर्ट सहकारी समिति के जनरल मैनेजर से की जा सकती है। जनरल मैनेजर ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायेंगे।

हथियार तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

नाल, (कासं)। पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर नाल थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से की।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिरोह का सरगना मोमराज निवासी रोहीणा, फलोदी, मोनाराम उर्फ मोहनराम निवासी गिराजसर, बज्जू और रेवंतराम निवासी रोहीणा, फलोदी शामिल हैं। इनके तार पूर्व में राठौर ट्रैवल्स की बस में पकड़ी गई चार अवैध पिस्तौल और 30 कारतूस की तस्करी से जुड़े बताये जा रहे हैं।

पुलिस ने सीओ सदर अनुष्ठा कालिया के पर्यवेक्षण में इस नेटवर्क का खुलासा किया। थानाधिकारी विकास विश्नोई के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में साइबर सेल के एएसआई दीपक यादव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दंपती ने नहर में लगाई छलांग, पत्नी बची

श्रीविजयनगर, (कासं)। रघुनाथपुरा पंचायत में मंगलवार सुबह एक दंपती ने अनूपगढ़ शाखा नहर में छलांग लगा दी। इस घटना में पत्नी गीता देवी को राहगीरों ने सकुशल बचा लिया जबकि पति राजपाल गेदर लापता है। यह घटना चक 24 एस.डी. स्थित बुर्जी नंबर 40 आरडी के पास सुबह लगभग छह बजे हुई।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। मौके पर मौजूद कुछ राहगीरों ने तुरंत गीता देवी को नहर से बाहर निकाला और उन्हें घर पहुंचाया। हालांकि पति राजपाल गेदर का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस और गोताखोरों की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने तुरंत नहर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। देर शाम तक भी राजपाल गेदर का कोई पता नहीं चल पाया। घटनास्थल पर ग्रामीणों और रिश्तेदारों

■ **पति लापता, पुलिस और गोताखोरों का सर्च अभियान जारी**

■ **पत्नी को राहगीरों ने सकुशल बचा लिया**

की भीड़ जमा है। मौके से एक मोटरसाइकिल, चप्पल, जूते और एक शॉल बरामद किया गया है। पुलिस का अनुमान है कि दंपती ने नहर में कूदने से पहले ये सामान किनारे पर रखा था। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार दंपती पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लापता राजपाल गेदर की तलाश में अभियान लगातार जारी है।

प्रकाशोत्सव पर निकला भव्य नगर कीर्तन

सूरतगढ़, (कासं)। मंगलवार को गुरूनानक देव के 556 वें प्रकाशोत्सव पर भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। सत गुरू नानक प्रगट्या मिटी धुंध जग चानण होआ... जैसे पावन शब्दों, शब्द कीर्तन और बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के उद्घोषों से शहर गूंज उठा। इस नगर कीर्तन में हजारों सिख संगत शामिल हुई।

गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव दरबार (आरसीपी कॉलोनी) से पांच प्यारों की अगुआई में यह कीर्तन शुरू हुआ। फूलों से सजी पालकी में गुरू ग्रंथ साहिब विराजमान थे। पालकी के आगे महिला सेवादार झाड़ू लगा रही थी। जबकि पुरूष सेवादार पानी का छिड़काव कर रहे थे। युवा दुपहिया वाहनों पर सवार होकर उत्साह बढ़ा रहे थे। लगभग एक किलोमीटर लम्बे इस नगर कीर्तन में दाढ़ी जत्थे के छिंद्रपाल अर्सी, धर्मशांत अर्सी और केवल सिंह गुरू वाणी का कीर्तन कर संगत को निहाल कर रहे थे। मुख्य मार्गों से गुजरते जुलूस का हर मोड़ पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और चाय-नाश्ते की सेवा प्रस्तुत की। संगत पालकी के समक्ष शीश झुकाकर सुख-समृद्धि की अरदास कर रही थी।

नगर कीर्तन आरसीपी रोड से शुरू होकर कालका माता रोड, चरणसिंह चौक, बसंत बिहार कॉलोनी, रेलवे ओवरब्रिज, मुख्य बाजार और बीकानेर रोड होते हुए गुरूद्वारा सिंह सभा पहुंचा। यहां पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद आवासन मंडल कॉलोनी से गुरूद्वारा तेग बहादुर पहुंची।

मूंगफली खरीद की तैयारियों का लिया जायजा

लूणकरनसर, (कासं)। लूणकरनसर एसडीएम दयानंद रूयल ने मूंगफली खरीद की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने क्रय विक्रय सहकारी समिति के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल आसानी से बेच सकें। मूंगफली का एमएसपी 6783 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उपखंड अधिकारी रूयल ने अनाज मंडी में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद चौपड़ा ने किसानों और व्यापारियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

'शिथिलता के कारण एमओयू का क्रियान्वयन लंबित नहीं रहे'

बीकानेर, (कासं)। राइजिंग राजस्थान के दौरान राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से संबंधित एमओयू के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं के निवारण, संबंधित विभागों से समन्वय तथा इनमें और अधिक गति लाने के उद्देश्य से बोर्ड की ओर से मंगलवार को होटल सागर में 'एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग एक्सीलरेशन मीट प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर, चूरू और नागौर जिले के निवेशक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रशासक राजेश चौहान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए प्रत्येक एमओयू का क्रियान्वयन राज्य सरकार

■ **राइजिंग राजस्थान के दौरान एमओयू करने वाले निवेशकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर विभिन्न जिलों में ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं**

की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के दौरान एमओयू करने वाले निवेशकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर विभिन्न जिलों में ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

चौहान ने कहा कि अधिकारी इसकी गंभीरता को समझें और समयबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों के सचिव, संबधित निवेशक से समन्वय रखें। किसी भी स्थिति में कार्यालय की शिथिलता के कारण एमओयू का क्रियान्वयन लंबित नहीं रहे। इस संबंध में किसी भी विभाग से समन्वय करवाना है, तो वह कार्य भी कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों द्वारा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इन एमओयू के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है, निवेशक भी वैसी ही गंभीरता दिखाएं।

एसआईआर : घर-घर पहुंच बीएलओ ने शुरू किया सर्वेक्षण कार्य

बीकानेर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर): 2026 के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर सर्वेक्षण का कार्य मंगलवार को शुरू किया गया।

पहले दिन जिले के 1 हजार 638 बूथ लेवल अधिकारी जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं के घर पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण एवं भरने का काम शुरू किया। यह कार्य 4 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान जिले के 18 लाख 36 हजार 728 मतदाताओं तक पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर आंशिक रूप से भरे हुए गणना प्रपत्र की दो प्रतियां दी जायगी। गत एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की सूचनाएं लेकर

बीकानेर पंचायत समिति सभागार में न्यूनतम मैपिंग वाले बीएलओ को प्रशिक्षण देते अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष।

मैपिंग में मतदाताओं की सहायता की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने बीकानेर पूर्व विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए निर्देशित किया। साथ ही

■ **जिले में 4 दिसम्बर तक 18 लाख से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने का लक्ष्य**

बीएलओ को वितरित किये गए गणना प्रपत्रों की एंट्री बीएलओ ऐप पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सुपरवाइजर्स को भी अतिरिक्त गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में न्यूनतम मैपिंग वाले तीस-तीस बीएलओ का प्रशिक्षण मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष, बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीयन अधिकारी महिमा कसाना मौजूद रही।

शिविर में 33 यूनिट रक्तदान

अनूपगढ़, (कासं)। वार्ड नंबर 30 स्थित श्री मुक्ति साहिब गुरूद्वारे में मंगलवार को श्री गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरूद्वारा कमेटी द्वारा आयोजित इस शिविर में स्थानीय साध-संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान अजमेर सिंह ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में लाजवंती ब्लड बैंक ने अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की। जबकि एचडीएफसी बैंक का भी विशेष सहयोग रहा। शिविर की शुरूआत गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास के साथ की गई।

रक्तदाताओं के लिए शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप और एचबी की निशुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध थी। सेवादार हरप्रीत सिंह ने जानकारी दी कि दोपहर 3:30 बजे तक 33 यूनिट रक्त का संग्रहण किया जा चुका था। रक्तदान करने वालों को गुरूद्वारा कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक- LU2012/SGN/2025-26/101458 **लोक सूचना** दिनांक- 04.11.2025

श्रीमती लवली कथूरिया पत्नी श्री सतीश कुमार निवासी 6-जे-32 वार्ड नं. 36, जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1.	चक 4 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्रीमती लवली कथूरिया पत्नी श्री सतीश कुमार	चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 2/1 में 0.2230 है. किला नं. 3 में 0.2530 है. किला नं. 4 में 0.2530 है. किला नं. 5/1 0.0950 है. किला नं. 5/2 में 0.1580 हैक्टे. किला नं. 8 में 0.2530 हैक्टे. किला नं. 9/2 में 0.1520 हैक्टे. यथाकुल 1.3870 हैक्टेयर	कुल 1.3870 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक- LU2012/SGN/2025-26/101459 **लोक सूचना** दिनांक- 04.11.2025

श्री सतीश कुमार पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी 6-जे-32 वार्ड नं. 36, जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1.	चक 4 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री सतीश कुमार पुत्र श्री नरेश कुमार	चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 7/2 में 0.1265 हैक्टे. यथाकुल 0.1265 हैक्टेयर	कुल 0.1265 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4469 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 31/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरपिन्द्र सिंह पुत्र श्री भरपूर सिंह निवासी चक धर्मसिंहवाला, 12 बीएनडब्ल्यू तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द